Bareilly Thursday 16 November 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 04 TOP

अंडर-19 टीम में शुभम और इंजमाम शामिल

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (15 Nov): शहर के शुभम मिश्रा और इंजमाम हुसैन का चयन अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है. टीम पहला मैच हिमाचल प्रदेश के खिलाफ शुक्रवार को मेरठ में खेलेगी. कर्मचारी नगर निवासी शुभम लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, अंडर-19 कैंप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया. दो मैच में पांच विकेट लेकर 75 रन का योगदान देकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने में सफल रहे. वह बीते आठ साल से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी में खेल की बारीकियां सीख रहे हैं. जबकि शहर के रिछा क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 निवासी इंजमाम का परिवार अब बरेली में शिफ्ट हो चुका है.

हो चुके हैं सलेक्ट

शुभम के पिता सौरभ मिश्रा ने बताया कि बेटे ने लगातार अपने खेल में सुधार किया. इसका नतीजा सबके सामने है. एसआरएमएस एकेडमी के कोच युसुफ खान, मनीष सिंह के साथ संरक्षक आदित्य मूर्ति ने शुभम को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. इधर, शहर के रिछा क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 के निवासी रहे इंजमाम हुसैन राइट हैंड बल्लेबाज हैं. पिता अरशद के कारोबार के चलते परिवार अब मेरठ शिफ्ट हो गया है. बरेली क्लब के प्रशिक्षु रहे इंजमाम इससे पहले जिले की अंडर-14 और अंडर-19 टीम में संभावित खिलाड़ी के तौर पर चयनित हो चुके हैं. अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में इंजमाम और शुभम के चयनित होने पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी. उन्होंने कहा कि दोनों खिलाड़ी आने वाले दिनों बरेली का प्रदेश और देश मान बढ़ाने का काम करेंगे.